छीनकर तेरी दौलत दोही गज़ कफ़न देंगे
जिनको अपना कहता है सब ये तेरे साथी हैं
कब्र है तेरी मंज़िल और ये बराती हैं
ला के कब्र में तुझको मुरदा बक डालेंगे
अपने हाथोंसे तेरे मुँह पे खाक डालेंगे
तेरी सारी उल्फ़त को खाक में मिला देंगे
तेरे चाहनेवाले कल तुझे भुला देंगे
इस लिये ये कहता हूं खूब सोचले दिल में
क्यूँ फंसाये बैठा है जान अपनी मुश्किल में
कर गुनाहोंपे तौबा
आके बस सम्भल जायें - २
दम का क्या भरोसा है
जाने कब निकल जाये - २
मुट्ठी बाँधके आनेवाले ...
मुट्ठी बाँधके आनेवाले हाथ पसारे जायेगा
धन दौलत जागीर से तूने क्या पाया क्या पायेगा
चढ़ता सूरज धीरे धीरे ढलता है ढल जायेगा - ४

film: Jheel Ke Us Paar singer: Lata
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

हो हो
चल चलें ऐ दिल चलें चल
कर किसीका इन्तज़ार
इन्तज़ार, झील के उस पार

शायद कोई परदेसी मिल जाए सूने देश में
मिल जाए भगवान मुझको आदमी के भेष में
क्या हो जाए क्या है ऐतबार, झील के उस पार
चल चलें ऐ दिल ...

जो नहीं इस पार क्या जाने वो उस पार हो
पर्वत के पीछे सुन्दर सपनों का संसार हो
आई हो बहारों पे बहार, झील के उस पार
चल चलें ऐ दिल ...

film: Aao Pyar Karen singer: Rafi
lyrics: Rajinder Krishan music: Usha Khanna

बहार-ए-हुस्न तेरी, मौसम-ए-शबाब तेरा
कहाँ से ढूँढ के लाए कोई जवाब तेरा
ये सुबह भी तेरे रुखसार की झलक ही तो है
के नाम लेके निकलता है आफ़ताब तेरा

जहां तू है वहां फिर चाँदनी को कौन पूछेगा
तेरा दर हो तो जन्नत की गली को कौन पूछेगा

कली को हाथ में लेकर बहारों को ना शरमाना
ज़माना तुझको देखेगा कली को कौन पूछेगा

फ़रिश्तों को पता देना ना अपनी रहगुज़ारों का
वो क़ाफ़िर हो गये तो बन्दगी को कौन पूछेगा

किसीको मुस्कुराके खूबसूरत मौत ना देना
क़सम है ज़िन्दगी की, ज़िन्दगी को कौन पूछेगा

film: Bhabhi singer: Rafi
lyrics: Rajinder Krishan music: Chitragupta

चल उड़ जा रे पंछी (२) कि अब ये देश हुआ बेगाना
चल उड़ जा रे पंछी ...

खतम हुए दिन उस डाली के जिस पर तेरा बसेरा था
आज यहां और कल हो वहां ये जोगी वाला फेरा था
सदा रहा है इस दुनिया में किसका आबू-दाना
चल उड़ जा रे पंछी ...

तूने तिनका-तिनका चुन कर, नगरी एक बसाई
बारिश में तेरी भीगी काया, धूप में गरमी छाई
ग़म ना कर जो तेरी मेहनत तेरे काम ना आई
अच्छा है कुछ ले जाने से देकर ही कुछ जाना
चल उड़ जा रे पंछी ...

भूल जा अब वो मस्त हवा वो उड़ना डाली-डाली
जब आँख की काँटा बन गई, चाल तेरी मतवाली
कौन भला उस बाग को पूछे, हो ना जिसका माली
तेरी क़िस्मत में लिखा है जीते जी मर जाना
चल उड़ जा रे पंछी ...

रोते हैं वो पँख-पखेरू साथ तेरे जो खेले
जिनके साथ लगाये तूने अरमानों के मेले
भीगी आँखों से ही उनकी, आज दुआयें ले ले
किसको पता अब इस नगरी में कब हो तेरा आना
चल उड़ जा रे पंछी ...

हुए नामवर ... बेनिशां कैसे कैसे ...
ज़मीं खा गयी ... नौजवान कैसे कैसे ...

आज जवानी पर इतरानेवाले कल पछतायेगा - ३
चढ़ता सूरज धीरे धीरे ढलता है ढल जायेगा - २
ढल जायेगा ढल जायेगा - २

तू यहां मुसाफ़िर है ये सराये फ़ानी है
चार रोज की मेहमां तेरी ज़िन्दगानी है
ज़र ज़मीं ज़र ज़ेवर कुछ ना साथ जायेगा
खाली हाथ आया है खाली हाथ जायेगा
जानकर भी अन्जाना बन रहा है दीवाने
अपनी उम्र ए फ़ानी पर तन रहा है दीवाने
किस कदर तू खोया है इस जहान के मेले मे
तु खुदा को भूला है फंसके इस झमेले मे
आज तक ये देखा है पानेवाले खोता है
ज़िन्दगी को जो समझा ज़िन्दगी पे रोता है
मिटनेवाली दुनिया का ऐतबार करता है
क्या समझ के तू आखिर इसे प्यार करता है
अपनी अपनी फ़िक्रों में
जो भी है वो उलझा है - २
ज़िन्दगी हक़ीकत में
क्या है कौन समझा है - २
आज समझले ...
आज समझले कल ये मौका हाथ न तेरे आयेगा
ओ गफ़लत की नींद में सोनेवाले धोखा खायेगा
चढ़ता सूरज धीरे धीरे ढलता है ढल जायेगा - २
ढल जायेगा ढल जायेगा - २

मौत ने ज़माने को ये समा दिखा डाला
कैसे कैसे रुस्तम को खाक में मिला डाला
याद रख सिकन्दर के हौसले तो आली थे
जब गया था दुनिया से दोनो हाथ खाली थे
अब ना वो हलाकू है और ना उसके साथी हैं
जंग जो न कोरस है और न उसके हाथी हैं
कल जो तनके चलते थे अपनी शान-ओ-शौकत पर
शमा तक नही जलती आज उनकी क़ुरबत पर
अदना हो या आला हो
सबको लौट जाना है - २
मुफ़्हिलिसों का अन्धर का
कब्र ही ठिकाना है - २
जैसी करनी ...
जैसी करनी वैसी भरनी आज किया कल पायेगा
सरको उठाकर चलनेवाले एक दिन ठोकर खायेगा
चढ़ता सूरज धीरे धीरे ढलता है ढल जायेगा - २
ढल जायेगा ढल जायेगा - २

मौत सबको आनी है कौन इससे छूटा है
तू फ़ना नही होगा ये खयाल झूठा है
साँस टूटते ही सब रिश्ते टूट जायेंगे
बाप माँ बहन बीवी बच्चे छूट जायेंगे
तेरे जितने हैं भाई वक़तका चलन देंगे

कु: बाज़ीगर मै बाज़ीगर
धक धक धड़कता है ये दिल
अ: बोलो ना क्या कह रहा है
कु: पास आओ बता दूं
अल: न बाबा डर लग रहा है

कु: मुझको गलत ना समझना
मैं ही हूँ बादल आवारा
दिल की दीवारों पे मैंने
नाम लिखा है तुम्हारा

अ: ओ तेरे प्यार पे क़ुरबान
मेरा दिल मेरी जान
तुझे लग जाये मेरी उमर

बाज़ीगर ओ बाज़ीगर
तू है बड़ा जादूगर

कु: बाज़ीगर मैं बाज़ीगर
दिलवालों का मै दिलवर

अ: ओ मेरा दिल था अकेला तूने खेल ऐसा खेला
तेरी याद मे जागूं रात भर
बाज़ीगर ओ बाज़ीगर
कु: बाज़ीगर मै बाज़ीगर
अ: बाज़ीगर ओ बाज़ीगर
कु: बाज़ीगर मै बाज़ीगर

film: Phir Subah Hogi singer: Mukesh
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Khayyam

चीन-ओ-अरब हमारा, हिन्दोस्तां हमारा
रहने को घर नही है, सारा जहां हमारा
चीन-ओ-अरब हमारा ...

खोली भी छिन गई है, बेन्चें भी छिन गई हैं
सड़कों पे घूमता है ये कारवाँ हमारा
जेबें हैं अपनी खाली, क्यूँ देता वरना गाली
वो सन्तरी हमारा, वो पासबां हमारा
चीन-ओ-अरब हमारा ...

जितनी भी बिल्डिंगें थीं, सेठों ने बाँट ली हैं
फ़ुटपाथ बम्बई के हैं आशियाँ हमारा
सोने को हम कलन्दर, आते हैं बोरी बन्दर
हर एक खोली यहां है राज़दां हमारा
चीन-ओ-अरब हमारा ...

तालीम है अधूरी, मिलती नही मज़ूरी
मालूम क्या किसीको, दर्द-ए-निहां हमारा
चीन-ओ-अरब हमारा ...

पतला है हाल-ए-अपना, लेकिन लहू है गाढ़ा
फौलाद से बना है, हर नौजवां हमारा
मिल-जुलके इस वतन को, ऐसा सजायेंगे हम
हैरत से मुँह थकेगा सारा जहाँ हमारा
चीन-ओ-अरब हमारा ...

film: Saajan singer: S. P. Balasubramaniam or Anuradha Paudwal
lyrics: Sameer music: Nadeem Shravan

बहुत प्यार करते हैं, तुमको सनम (२)
क़सम चाहे ले लो (२)
खुदा की क़सम

हमें हर घड़ी, आरज़ू है तुम्हारी (२)
होती है कैसी, सनम बेक़रारी
मिलेंगे जो तुमको तो (२)
बतायेंगे हम
बहुत प्यार ...

हमारी ग़ज़ल है, तस्सवुर तुम्हारा (२)
तुम्हारे बिना अब, ना जीना हमारा
तुम्हे यूं ही चाहेंगे (२)
जब तक है दम
बहुत प्यार ...

सागर की बाहों में, मौजें हैं जितनी (२)
हमको भी तुमसे, मुहब्बत है उतनी
के ये बेक़रारी ना (२)
अब होगी कम
बहुत प्यार ...

आज कल में ढल गया, दिन हुआ तमाम
तू भी सो जा, सो गई, रंग भरी शाम

१) सो गया चमन चमन, सो गई कली-कली
सो गए हैं सब नगर, सो गई गली-गली
नींद कह रही है चल, मेरी बाँह थाम, तू भी ...

२) है बुझा-बुझा सा दिल, बोझ साँस-साँस पे
जी रहे हैं फिर भी हम, सिर्फ़ कल की आस पे
कह रही है चाँदनी, लेके तेरा नाम, तू भी ...

३) कौन आएगा इधर, किसकी राह देखें हम
जिनकी आहटें सुनी, जाने किसके ये कदम
अपना कोई भी नहीं, अपने तो हैं राम, तू भी ...

film: Jab Pyar Kisi Se Hota Hai singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

बिन देखे और बिन पहचाने तुम पर हम क़ुरबान
मोहब्बत इसको कहते हैं, मोहब्बत इसको कहते हैं

बिन देखे और बिन पहचाने तुम पर हम क़ुरबान
मोहब्बत इसको कहते हैं, मोहब्बत इसको कहते हैं
गर तुम पर ना मरते तो जीना था आसान
मोहब्बत इसको कहते हैं, मोहब्बत इसको कहते हैं

(चाहत के संदेश लेकर आती है शाम
गर तुम भी आ जाते तो आ जाता आराम) - २
दिल की बस्ती बस ही जाती
मेरी हर धड़कन ये गाती
तुम आते तो मुझपर होता
कितना बड़ा एहसान
बिन देखे और बिन पहचाने ...

(बेकल मेरे अरमां, बेकल है मेरा प्यार
कबसे मैं करता हूं तुम्हारा इन्तज़ार) - २
कबसे मेरी बाहें सूनी
जीवन की ये राहें सूनी
तुम बिन कैसे पूरे होंगे
दिल में बसे अरमान
बिन देखे और बिन पहचाने ...

film: Baazigar singer: Kumar Shanu, Alka Yagnik
lyrics: Arzoo music: Anu Mallik

अ: ओ मेरा दिल था अकेला, तूने खेल ऐसा खेला
तेरी याद मे जागूं रात भर
बाज़ीगर ओ बाज़ीगर
तू है बड़ा जादूगर
बाज़ीगर ओ बाज़ीगर
तु है बड़ा जादूगर
ओ मेरा दिल था अकेला तूने खेल ऐसा खेला
तेरी याद मे जागूं रात भर

कु: बाज़ीगर मै बाज़ीगर
दिलवालों का मै दिलवर
बाज़ीगर मै बाज़ीगर
दिलवालों का मै दिलवर

ओ दिल लेके दिल दिया है सौदा प्यार का किया है
दिल की बाज़ी जीता दिल हार कर

अ: बाज़ीगर ओ बाज़ीगर
तू है बड़ा जादूगर

चुपके से आँखों के रस्ते तू मेरे दिल मे समाया
चहत का जादू जगाके मुझको दीवाना बनाया

कु: पहली नज़र मे बनी है तू मेरे सपनों की रानी
याद रखेगी ये दुनिया अपनी वफ़ा की कहानी

अ: ओ मेरा चैन चुराके मेरी नींदें उड़ाके
खो ना जाना किसी मोड़ पर
कु: बाज़ीगर मै बाज़ीगर
दिलवालों का मै दिलवर
अ: बाज़ीगर ओ बाज़ीगर
तू है बड़ा जादूगर

कु: ओ दिल लेके दिल दिया है सौदा प्यार का किया है
दिल की बाज़ी जीता दिल हार कर
अ: बाज़ीगर ओ बाज़ीगर

film: Thakur Jarnail Singh singer: Asha Bhonsle
lyrics: Asad Bhopali music: Ganesh

हम, तेरे बिना जी ना सकेंगे सनम
दिल की ये आवाज़ है

१) सारी दुनिया में ऐसा शबाब नहीं है
ये हक़ीकत है तेरा जवाब नहीं है
किसी और में कहां ये अदा
तेरे जैसा नहीं है कोई दूसरा, हम, तेरे ...

२) पहले ही दिन से हम दिल में ठान चुके हैं
तेरे बन के तुझे अपना मान चुके हैं
तेरे सामने करें क्या बयां
उम्र भर साथ रहने का ये फ़ैसला, हम, तेरे ...

film: Teesri Kasam singer: Manna Dey, chorus
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

(चलत मुसाफ़िर मोह लियो रे
पिंजड़े वाली मुनिया) - ४

उड़ उड़ बैठी हलवइया दुकनिया - २
हे रामा!!!!
उड़ उड़ बैठी हलवइया दुकनिया
आरे!!
(बरफ़ी के सब रस ले लियो रे
पिंजड़े वाली मुनिया) - २

अ हे अ हे ... हे रामा

उड़ उड़ बैठी बजजवा दुकनिया - २
आहा!!!!
उड़ उड़ बैठी बजजवा दुकनिया
आरे!
(कपड़ा के सब रस ले लियो रे
पिंजड़े वाली मुनिया) - ३

जियो जियो पलकदस जियो!!

उड़ उड़ बैठी पनवड़िया दुकनिया - २
हे रामा!!!!
उड़ उड़ बैठी पनवड़िया दुकनिया
आरे!!
(बीड़ा के सब रस ले लियो रे
पिंजड़े वाली मुनिया) - ३

film: Meraa Javaab singer: Anuradha Paudwal, Manhar
lyrics: music:

मैं उससे इतना प्यार करता हूँ
कि जितना वो नहीं करती
मैं उससे इतना प्यार करती हूँ
कि जितना वो नहीं करता

१) प्यार अपना असर दिखाता है
आदमी क्या से क्या हो जाता है
कोई शायर बन जाता है
कोई दीवाना हो जाता है
मैं उसपे इतना मरता हूँ
कि जितना वो नहीं मरती
मैं उससे इतना प्यार ...

२) क्यों ये चाहत करने जां मसरती है
हर घड़ी क्यूं ये धड़कन मचलती है
आग सी सीने में मेरे जलती है
रोज़ जिस दम से ये शाम ढलती है
मैं उससे इतना प्यार करती हूँ ...

३) वो मेरे ही दिल में रहती है
मैं जिस से मोहब्बत करता हूँ
उसको ही ख़ुदा मैंने माना है
मैं जिसकी इबादत करती हूं
मैं उसपे इतना नाज़ करती हूं
कि जितना वो नहीं करता

film: Beti Bete singer: Lata
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

सीमा सीमा सीमा सहने की भी है कोई सीमा
सीमा पे सिपाही बैठा है ज़रा बोल धीमा धीमा

१) कुछ लोग यहां पर लेते हैं कानों का नज़र से काम
नादान तू दीवानों की तरह क्यूँ लेता है मेरा नाम
सीमा ओ सीमा ओ सीमा धीरज की भी है कोई सीमा
बेहतर है कि हम तुम करवा लें अब चल कर अपना बीमा
सीमा ...

२) तुम सर से लेकर पाँव तलक लगती हो मुझे ??? रात
अंजान पे भी ज़रा रखना नज़र फिर करना कोई आघात
सीमा सीमा सीमा चुप रहने की है कोई सीमा
कोइ भेद अगर खुल जाए कहीं तो बन जाएगा कीमा,
सीमा ...

ITRANS Song Book: 683.s

film: Doosra Aadmi singer: Kishore, Lata
lyrics: music: Rajesh Roshan

नज़रों से कह दो प्यार में मिलने का मौसम आ गया
बाहों में बाहें डाल के खिलने का मौसम आ गया

१) इस प्यार से तेरा हाथ लगा लहरा गए गेसू मेरे
कुछ भी नज़र आता नहीं मस्ती में मुझे तेरे परे
कंधे पे मेरे ज़ुल्फ़ के ढलने का मौसम आ गया, नज़रों ...

२) तुम मिल भी गए फिर भी दिल को क्या जाने कैसी आस है
तुम पास हो फिर भी होंठों में जाने कैसी प्यास है
होंठों की ठंडी आग में जलने का मौसम आ गया, नज़रों ...

ITRANS Song Book: 684.s

film: Khushboo singer: Asha
lyrics: Gulzar music: R. D. Burman

बेचारा दिल क्या करे, सावन जले भादों जले
दो पल की राह नहीं, इक पल रुके इक पल चले

१) गाँव गाँव में, घूमे रे जोगी, रोगी चंगे करे,
मेरे ही मन का, तड़प ना जाने, हाथ ना धरे

२) तेरे वास्ते, लाखों रास्ते, तू जहां भी चले,
मेरे लिये है, तेरी ही राहें, तू जो साथ ले

ITRANS Song Book: 685.s

film: singer: Rafi lyrics: music:

सुन लो सुनाता हूँ तुमको कहानी
रूठो ना हमसे ओ गुड़ियों की रानी
रे मम्मा रे मम्मा रे
रे मम्मा रे मम्मा रे

१) हम तो गए बाज़ार में लेने को आलू
आलू वालू कुछ न मिला पीछे पड़ा भालू, रे मम्मा ...

२) हम तो गए बाज़ार में लेने को लट्टू
लट्टू वट्टू कुछ न मिला पीछे पड़ा टट्टू, रे मम्मा ...

३) हम तो गए बाज़ार में लेने को रोटी
रोटी वोटी कुछ न मिली पीछे पड़ी मोटी, रे मम्मा ...

ITRANS Song Book: 686.s

दिल उसे दो जो जान दे दे, जान उसे दो जो दिल दे दे

१) ये प्यार के नज़ारे हैं देख लो जिधर
अब नाचती है दुनिया खुशी का है असर
लो खत्म हुआ है ये आज का सफ़र
अब होगी सुहानी वो कल की सहर, दिल उसे ...

२) जो सोचते रहोगे तो कुछ ना मिलेगा
जो चुपके रहोगे तो काम ना बनेगा
जो दिल में जलोगे तो अरमान रहेगा
जो बढ़ते चलोगे तो रास्ता मिलेगा, दिल उसे ...

३) वो गुंचा नहीं है जो खिलना ना जाने
वो बाद-ए-सबा क्या जो चलना ना जाने
वो बिजली नहीं जो चमकना ना जाने
वो इन्सान नहीं जो तड़पना ना जाने, दिल उसे ...

मंज़िलें एक हुई हमसफ़र बन गए
आजकल ...

३) (क्यों भला हम डरें दिल के मालिक हैं हम
हर जनम में तुझे अपना माना सनम) - २
हर जनम में तुझे अपना माना सनम
आजकल ...

film: Brahmachari singer: Rafi
lyrics: Hasarat, Shailendra music: Shankar, Jaikishan

चक्के में चक्का, चक्के पे गाड़ी, गाड़ी में निकली, अपनी सवारी
थोड़ा अगाड़ी थोड़ा पिछाड़ी थोड़ा अगाड़ी थोड़ा पिछाड़ी

१) चुन्नू छबीले मुन्नू हठीले
मखमल की टोपी छोटू रंगीले
लालू बटाटा लाली टमाटा
कम बनेंगे गट्टू गठीले
पेट में इनकी लम्बी सी दाढ़ी, चक्के में ...

२) उमर में कच्चे ये छोटे बच्चे
हैं भोले भाले हैं सीधे सच्चे
ठानेंगे जो भी कर के रहेंगे
ये अपनी धुन के हैं पूरे पक्के
कोइ ना समझे इनको अनाड़ी, चक्के में ...

३) लम्बा सफ़र है टेढ़ी डगर है
मंज़िल है मुश्किल गिरने का डर है
पर ना रुकेंगे चलते चलेंगे
ये सारी दुनिया अब अपना घर है
हार न मानेंगे ये खिलाड़ी, चक्के में ...

film: Dhool Ka Phool singer: Asha, Mahendra Kapoor
lyrics: Sahir music: N. Dutta

झुकती घटा गाती हवा सपने जगाए
नन्हा सा दिल मेरा मचल-मचल जाए

१) महके हुए दहके हुए मस्त नज़ारे
निखरे हुए बिखरे हुए रंग के धारे
आज पवन हो के मगन हमको बुलाए, झुकती ...

रवाना है छोती सी कश्ती हवाओं के रुख पर
नदी के साज़ पे मल्लाह गीत गाता है
तुम्हारा जिस्म हर इक लहर के झकोले से
ओ मेरी शरीर निगाहों में झूल जाता है

२) जिस्म मेरा जान भी मेरी तेरे लिये है
प्यार भरी दुनिया सजी तेरे लिये है
आँखों में छाए तेरे जलवों के साए, झुकती ...

film: Mujhe Jeene Do singer: Lata
lyrics: Sahir music: Jaidev

रात भी है कुछ भीगी-भीगी
चाँद भी है कुछ मद्धम-मद्धम
तुम आओ तो आँखें खोलें
सोई हुई पायल की छम छम

१) किसको बताएं कैसे बताएं
आज अजब है दिल का आलम
चैन भी है कुछ हल्का हल्का
दर्द भी है कुछ मद्धम मद्धम
छम-छम, छम-छम, छम-छम, छम-छम

२) तपते दिल पर यूं गिरती है
तेरी नज़र से प्यार की शबनम
जलते हुए जंगल पर जैसे
बरखा बरसे रुक-रुक थम-थम
छम-छम, छम-छम, छम-छम, छम-छम

३) होश में थोड़ी बेहोशी है
बेहोशी में होश है कम कम
तुझको पाने की कोशिश में
दोनों जहां से खो गए हम
छम-छम, छम-छम, छम-छम, छम-छम, रात ...

लता: ऐसा लगता है
तुम बनके बादल मेरे बदन को भिगोके मुझे छेड़ रहे हो हो।
छेड़ रहे हो

किशोर: (बरखा से बचा लूँ तुझे
सीने से लगा लूँ
आ छुपा लूं आ छुपा लूँ) - २
दिल ने पुकारा देखो रुत का इशारा देखो
उफ़ ये नज़ारा देखो
कैसा लगता है, बोलो?

लता: ऐसा लगता है कुछ हो जायेगा
मस्त पवन के ये झोकें सैंया देख रहे हो ओ
देख रहे हो
ऐसा लगता है
तुम बनके बादल मेरे बदन को भिगोके मुझे छेड़ रहे हो हो
छेड़ रहे हो

मेरे लिये ज़िन्दगी तेरे बगैर कुछ नहीं
तू है जहां मैं वहीं तेरे बगैर कुछ नहीं

१) जब तू है तो काहे का डर
कट जाएगा बाकी सफ़र
सब कुछ दिया भगवान ने
अच्छा सा दिल अच्छा सा घर
फिर भी मेरी बेखुदी, तेरे बगैर ...

२) बैठे रहें देखा करें
छिड़ते रहें आँखों के तार
बढ़ती रहे अन्दर की प्यास
इस को ही तो कहते हैं प्यार
सुन ऐ मेरी मेहज़बीं, तेरे बगैर ...

३) फूलों सा मन झरनों सा तन
तुझको मिले मेरे साजन
पूजा तेरी करती रहूं
गाती रहूं तेरे भजन
कोई दुआ आरती, तेरे बगैर ...

film: Dostana singer: Rafi, Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

र: बने चाहे दुश्मन ज़माना हमारा
सलामत रहे दोस्ताना हमारा
कि: बने चाहे ...

र: वो ख्वाबों के दिन वो किताबों के दिन
सवालों की रातें जवाबों के दिन
कई साल हमने गुज़ारे यहां
यहीं साथ खेले हुए हम जवां
हुए हम जवां
था बचपन बड़ा आशिकाना हमारा
सलामत रहे दोस्ताना हमारा
कि: बने चाहे ...

कि: ना बिछड़ेंगे मर के भी हम दोस्तों
हमें दोस्ती की क़सम दोस्तों
पता कोई पूछे तो कहते हैं हम
के एक दूजे के दिल मे रहते हैं हम
रहते हैं हम
नहीं और कोई ठिकाना हमारा
सलामत रहे दोस्ताना हमारा
र: बने चाहे ...

film: Brahmachari singer: Rafi, Lata
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

(आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर ज़बान पर
सबको मालूम है और सबको खबर हो गई) - २

१) (हमने तो प्यार में ऐसा काम कर लिया
प्यार की राह में अपना नाम कर लिया) स २
प्यार की राह में अपना नाम कर लिया
आजकल ...

२) (दो बदन एक दिन एक जान हो गए
मंज़िलें एक हुई हमसफ़र बन गए) - २

film: Aap Ke Khaatir singer: Bappi Lahiri
lyrics: music: Bappi Lahiri

मीठी है मौसम्बी तो कड़वा है करेला
माशूक़ तेरे अन्दर तू हिक तू हिक तू बहार खड़ेला
जा जा जवानी कबसे हिक कबसे हिक कबसे बुला रही है
बुड्ढी के चक्कर में तू काएकु हिक काएकु हिक काएकु पड़ेला

बम्बई से आया मेरा दोस्त, दोस्त को सलाम करो - २
रात को खाओ पियो, दिन को आराम करो
वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह

सब मिलके नाचो गाओ, छुट्टी है मौज मनाओ - २
अरे अरे सब मिलके नाचो गाओ, छुट्टी है मौज मनाओ - २
बम्बई से आया मेरा दोस्त ...
वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह

गये राजा महाराजा, अब सब तुझ माझा - २
अरे अरे मिलके बजाओ बाजा, हलवा खाओ ताजा - २
सभी अमीर बनो, गरीबी दूर करो
रात को खाओ पियो, दिन को आराम करो
बम्बई से आया मेरा दोस्त ...
वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह वाह

अब ना कोई हो कड़का, ना कोई पैसे वाला - २
अरे अरे नाचेंगे सब मिलके, जीजा हो या साला - २
छोड़ो काले धन्धे, सफ़ेद काम करो
रात को खाओ पियो, दिन को आराम करो
बम्बई से आया मेरा दोस्त, दोस्त को सलाम करो - २
रात को खाओ पियो, दिन को आराम करो

film: Yaara Dildaara singer: lyrics: music: Jatin Lalit

बिन तेरे सनम, मर मिटेंगे हम, आ मेरी ज़िन्दगी - २
आना ही पड़ा, सजना, ज़ालिम है दिल की लगी - २
बिन तेरे सनम ...

हो, (आना ही पड़ा, सजना, ज़ालिम है दिल की लगी) - २

(तेरे ही दम से होगी, दिल की मुराद पूरी
तेरे बगैर जानम, है ज़िन्दगी अधूरी) - २
ऐ मेरे हंसीं, अब न जा कहीं, आ मेरी ज़िन्दगी
आना ही पड़ा, सजना, ज़ालिम है दिल की लगी
बिन तेरे सनम ...

ये जानकर बलमजी, थामी है तेरी बाहें
सहनी पड़ेंगी सबकी, काँटो भरी निगाहें
सब सहेंगे हम, और हंसेंगे हम, आ मेरी ज़िन्दगी
ओ हो हो, आना ही पड़ा, सजना, ज़ालिम है दिल की लगी
बिन तेरे सनम ...

तुम हो मेरे तो अब है, मौसम गुलाम अपना
हो, शबनम ने लिख दिया है, फूलों पे नाम अपना
सुन हवा यही गीत गा रही, आ मेरी ज़िन्दगी
आना ही पड़ा, सजना, ज़ालिम है दिल की लगी
बिन तेरे सनम ...

film: Ajanabi singer: Kishore, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

किशोर: भीगी भीगी रातों में, मीठी मीठी बातों में
ऐसी बरसातो में, कैसा लगता है?

लता: (ऐसा लगता है तुम बनके बादल,
मेरे बदन को भिगोके मुझे, छेड़ रहे हो ओ
छेड़ रहे हो) - २

लता: (अम्बर खेले होली उई माँ
भीगी मोरी चोली, हमजोली, हमजोली) - २
ओ, पानी के इस रेले में सावन के इस मेले में
छत पे अकेले में
कैसा लगता है

किशोर: ऐसा लगता है
तू बनके घटा अपने सजन को भिगोके खेल खेल रही हो ओ
खेल रही हो

(बुरे भी हम भले भी हम
समझियो ना किसी से कम
हमारा नाम, बनारसी बाबू
हम हैं बनारसी बाबू) - २

जय हो गँगा मैय्या!

गँगा की, लहरों जैसी - २
सीधी साधी चाल हमारी
घाट घाट का, अरे पानी पीके
घाट घाट का पानी पीके
हमने सारी उमर गुज़ारी
ना रास्ता ना मंज़िल फिर भी
घूमें सुबह शाम
बनारसी बाबू!
हम हैं बनारसी बाबू!

बुरे भी हम, भले भी हम
समझियो न किसी से कम
हमारा नाम, बनारसी बाबू!
हम हैं बनारसी बाबू!

हमने भी, वोही सीखा - २
जो इस दुनिया ने सिखलाया
अंदर करलो, अरे आँख मीचके - २
चाहे हो वो माल पराया
दुनिया और हम दोनो सच्चे
किसको दें इल्ज़ाम
बनारसी बाबू!
हम हैं बनारसी बाबू!

बुरे भी हम, भले भी हम
समझियो न किसी से कम
हमारा नाम, बनारसी बाबू!
हम हैं बनारसी बाबू! - ४

ITRANS Song Book: 671.s

film: Roja singer: Hariharan lyrics: music: A.R. Rahman

भारत हमको जान से प्यारा है
सबसे न्यारा गुलिस्तां हमारा है
सदियों से भारत भूमि दुनिया की शान है
भारत मां की रक्षा में जीवन क़ुर्बान है
भारत हमको जान से ...

उजड़े नहीं अपना चमन, टूटे नहीं अपना वतन
दुनिया धर धरती कोरी, बरबाद ना करदे कोई
मन्दिर यहां, मस्जिद वहां, हिन्दू यहां मुस्लिम वहां
मिलते रहे हम प्यार से
जागो ...

हिन्दुस्तानी नाम हमारा है, सबसे प्यारा देश हमारा है
जन्मभूमि है हमारी शान से कहेंगे हम
सभी तो भाई-भाई प्यार से रहेंगे हम
हिन्दुस्तानी नाम हमारा है

आसाम से गुजरात तक, बंगाल से महाराष्ट्र तक
झनकी सही गुन एक है, भाषा अलग सुर एक है
कश्मीर से मद्रास तक, कह दो सभी हम एक हैं
आवाज़ दो हम एक हैं

जागो ...

ITRANS Song Book: 672.s

film: Praan Jaaye Par Vachan Na Jaaye (1973) singer: Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

चैन से हमको कभी आपने जीने ना दिया
ज़हर भी चाहा अगर, पीना तो पीने ना दिया
चैन से हमको कभी

चांद के रथ में रात की दुल्हन जब जब आएगी
याद हमारी आपके दिल को तरसा जाएगी
आपने जो है दिया, वो तो किसीने ना दिया
ज़हर भी चाहा अगर, पीना तो पीने ना दिया
चैन से ...

आपका ग़म जो इस दिल में दिन-रात अगर होगा
सोचके ये दम घुटता है फिर कैसे गुज़र होगा
काश ना होती अपनी जुदाई मौत ही आ जाती
कोई बहाने चैन हमारी रूह तो पा जाती
इक पल हँसना कभी दिल की लगी ने ना दिया
ज़हर भी चाहा अगर, पीना तो पीने ना दिया

एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तों
ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों

बनता है मेरा काम तुम्हारे ही काम से
होता है मेरा नाम तुम्हारे ही नाम से
तुम जैसे मेहरबां का सहारा है दोस्तों,
ये दिल ...

यारों ने मेरे वास्ते क्या कुछ नहीं किया
सौ बार शुक्रिया अरे सौ बार शुक्रिया
बचपन तुम्हारे साथ गुज़ारा है दोस्तों,
ये दिल ...

film: Julie singer: Preeti Sagar
lyrics: Harindranath Chattopadhyay music: Rajesh Roshan

(My heart is beating, keeps on repeating
I am waiting for you) - 2
My love encloses, a plot of roses,
And when shall be then, our next meeting,
'Cos love (extended) you know,
That time is fleeting, ... (3 times, 3rd time is longer)

Oh, when I look at you,
The blue of heaven seems to be deeper blue,
And I can say that,
God Himself, seems to be looking through (hoo-hoo),
Zu-zu-zu—zu-ruzu, (that's what it sounds like)
I'll never part from you,
And if it is so, when are we meeting,
'Cos love, you know,
That time is fleeting, time is fleeting, time is fleeting.

Spring is the season,
That rolls the reason of lovers who are truly true,
Young birds are mating,
while I am waiting for you (hoo-hoo)
Darling you haunt me,
say do you want me?
And if it so, when are we meeting,
'Cos love you know,
That time is fleeting, time is fleeting, time is fleeting.

My heart is beating...

film: Saajan singer: S.P. Balasubramaniam or Anuradha Paudwal
lyrics: Sameer music: Nadeem, Shravan

बहुत प्यार करते हैं, तुमको सनम (२)
कसम चाहे ले लो (२)
खुदा की कसम

हमें हर घड़ी, आरज़ू है तुम्हारी (२)
होती है कैसी, सनम बेकरारी
मिलेंगे जो तुमको तो (२)
बतायेंगे हम
बहुत प्यार ...

हमारी गजल है, तस्सवुर तुम्हारा (२)
तुम्हारे बिना अब, ना जीना हमारा
तुम्हे यूं ही चाहेंगे (२)
जब तक है दम
बहुत प्यार ...

सागर की बाहों में, मौजें हैं जितनी (२)
हमको भी तुमसे, मुहब्बत है उतनी
के ये बेकरारी ना (२)
अब होगी कम
बहुत प्यार ...

film: Banarasi Babu singer: Kishore
lyrics: Anjan music: Kalyanji, Anandji

हम हम ... हम हम ... हा हा हा हा हा
अरे मेरे यार अपने रंग हज़ार

काँधा तो लगाना है

ITRANS Song Book: 664.s

film: Samjhauta singer: Rafi, Mukesh
lyrics: Varma Malik music: Kalyanji, Anandji

रफ़ी: बड़ी दूर से आये हैं, प्यार का तोहफ़ा लाये हैं
अपनालो या ठुकरादो, प्यार का तोहफ़ा लाये हैं

जो दिलों के नाते हैं, वो जोड़े नहीं जाते
जोड़ लिये तो ... फिर तोड़े नहीं जाते

ये नाते दिल में बसाये सजाये हैं (प्यार का तोहफ़ा ...)

अन्जाने लोगों में कोई साथी तो मिलेगा
कोई तो होगा जो हमको समझेगा
ये सपना दिल में सजाये हैं (प्यार का तोहफ़ा ...)

दोनो: हम यार हैं यारों के निभा देंगे यारी
यारी है हमको सारी दुनिया से प्यारी
अपना तो दिल है साद, फिरती है अटल इरादे
है जान से प्यारा वादा, वादा कभी न तोड़ेंगे
जीतेजी हम यारों का साथ ना छोड़ेंगे

रफ़ी: सहारे यारों के पाये हैं (प्यार का तोहफ़ा ...)

ITRANS Song Book: 665.s

film: Anupama singer: Hemant Kumar
lyrics: Kaifi Azmi music: Hemant Kumar

या दिल की सुनो दुनियावालों
या मुझको अभी चुप रहने दो
मैं ग़म को खुशी कैसे कह दूँ
जो कहते हैं उनको कहने दो

ये फूल चमन मे कैसा खिला
माली की नज़र मे प्यार नहीं
हँसते हुए क्या क्या देख लिया
अब बहते हैं आँसू बहने दो
या दिल की सुनो ...

एक ख्वाब खुशी का देखा नहीं
देखा जो कभी तो भूल गये
माना हम तुम्हें कुछ दे ना सके
जो तुमने दिया वो सहने दो
या दिल की सुनो ...

क्या दर्द किसी का लेगा कोई
इतना तो किसी में दर्द नहीं
बहते हुए आँसू और बहें
अब ऐसी तसल्ली रहने दो
या दिल की सुनो ...

ITRANS Song Book: 666.s

film: Dastak singer: Lata
lyrics: Majrooh music: Madan Mohan

बैंया ना धरो, ओ बलमा,
ना करो मोसे रा... र
बैंया ना धरो

ढलेगी चुनरिया, तन से
आ ...
ढलेगी चुनरिया, तन से
हंसेंगी रे चूड़ियाँ छन से
हंसेंगी रे चूड़ियाँ छन से ... छन से छन से
हंसेंगी रे चूड़ियाँ छन से
मचेगी झनका ... र ...
बैंया ना धरो ...

मोहे छोड़ो हाय ... सजना ...
मोहे छोड़ो हाय ... मोहे छोड़ो
मोहे ... छोड़ो ... छोड़ो सजना ...
मोहे छोड़ो हाय सजना ...
जिया सीच उठाये ... सजना
जिया सीच उठाये ... उठाये सजना ...
रहा मोहे निहा ... र
बैंया ना धरो ... ओ बलमा

ITRANS Song Book: 667.s

नित्य अखंड अनंत अनादी पूर्ण ब्रह्मसनातन हे ।

जगआश्रय जगपती जगवंदन अनुपम अलख निरंजन हे ।

प्राण सखा त्रिभुवन प्रतिपालक जीवनके अवलंबन हे ।

ITRANS Song Book: 661.s

film: Sabak singer: Mukesh, Suman Kalyanpur
lyrics: music:

बरखा रानी, ज़रा जम के बरसो
मेरा दिलवर जा ना पाए, झूमकर बरसो
बरखा रानी ...

वो अभी तो आए हैं
कहते हैं हम जाएं हैं
यूँ बरस बरसों बरस
वो उम्र भर ना जाए रे
बरखा रानी ...

मस्त सावन की घटा
बिजुरिया चमका ज़रा
यार मेरा डर के मेरे
सीने से लग जाए रे
बरखा रानी ...

ITRANS Song Book: 662.s

film: non-film singer: lyrics: music:

भजन

गौरीनंदन गजानना हे दुःखभंजन गजानना ।

मूषक वाहन गजानना बुद्धिविनायक गजानना ।

विघ्नविनाशक गजानना शंकरपुत्र गजानना ।

ITRANS Song Book: 663.s

film: Daata singer: Lata lyrics: music:

साथी:
बाबुल का ये घर गोरी
बस कुछ दिन का ठिकाना है
दुल्हन बनके तुझे
पिया घर जाना है

दुल्हन: बापू तेरे आँगन की
मैं तो खिलती कली हूँ
इस आँगन को छोड़ क्यूं
किसी और का घर सजाना है

पिता: बेटी बाबुल के घर में
किसी और की अमानत है
दस्तूर ये दुनिया का
हम सब को निभाना है

साथी: दस्तूर ये दुनिया का
हम सब को निभाना है
...

दुल्हन: मैया तेरे आँचल की
मैं तो एक गुड़िया हूं
फिर क्यूं इस आँचल को छोड़
तेरा घर भी बेगाना है
(Mother in tears and unable to speak anything)
(this is the most emotional verse I think)
भाई: माँ के दिल पे क्या गुजरे
बहना तू ये मत पूछ
कलेजे के टुकड़े को
रो रो कर भुलाना है

दुल्हन: भैया तेरे बाग की
मैं कैसी चिड़िया रे
रात भर का बसेरा है
सुबह उड़ जाना है

भाई: बहना तेरे बचपन की
यादें हम सब को सतायेंगी
फिर भी तेरी डोली को

प्रतिपाल करो सगरे जगको
अतिशय करुणा उर धारे हो ।

उपकारणको कछु अंत नही
छिनही छिन जो विस्तारे हो
भूली है हमही तुमको तुम तो
हमरी सुधि नाहिं बिसारे हो ।

महाराज महा महिमा तुम्हरी
समुचे विरले बुधिवारे हो
शुभ शांतिनिकेतक प्रेमनिधे
मनमंदिरके उजियारे हो ।

यही जीवनके तुम जीवन हो
इन प्राणनके तुम प्यारे हो
तुमसो प्रभुपाय प्रतापहरी
केहिके अब और सहारे हो ।

film: Namak Haraam singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

दिये जलते हैं, फूल खिलते हैं
बड़ी मुश्किल से मगर, दुनिया में लोग मिलते हैं

जब जिस वक़्त किसीका, यार जुदा होता हैं
कुछ ना पूछो यारों दिल का, हाल बुरा होता है
दिल पे यादों के जैसे, तीर चलते हैं
दिये ...

दौलत और जवानी, एक दिन खो जाती है,
सच कहता हूँ, सारी दुनिया
दुश्मन बन जाती है
उम्र भर दोस्त लेकिन, साथ चलते हैं
दिये ...

इस रँग-धूप पे देखो, हरगिज नाज़ ना करना,
जान भी माँगे, यार तो दे देना, नाराज़ ना करना
रँग उड़ जाते हैं, धूप ढलते हैं
दिये ...

film: Baiju Bawra singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

निर्धन का घर लूटने वालों
लूट लो दिल का प्यार
प्यार वो धन है जिसके आगे
सब धन है बेकार
इन्सान बनो, इन्सान बनो करलो भलाई का कोई काम
इन्सान बनो
दुनिया से चले जाएगा रह जाएगा बदनाम इन्सान बनो

ओ ...
इस बाग में सूरज भी निकलता है लिये ग़म
फूलों की हँसी देख के रो देती है शबनम
कुछ देर की खुशियाँ हैं तो कुछ देर का मातम
किस नींद में हो ...
किस नींद में हो जागो ज़रा देख लो अन्जाम, इन्सान बनो

ओ ...
लाखों यहां शान अपनी दिखाते हुए आये
दम भर को रहे नाच गये धूप में साये
वो भूल गये थे के ये दुनिया है सराय
आता है कोई ...
आता है कोई सुबह को जाता है कोई शाम, इन्सान बनो

ओ ...
क्यों तुमने बिछाये हैं यहां ज़ुल्म के डेरे
धन साथ न जायेगा बने क्यों हो लुटेरे
पीते हो गरीबों का लहू शाम सवेरे
खुद पाप करो ...
खुद पाप करो नाम हो शैतान का बदनाम, इन्सान बनो

film: non-film singer: lyrics: music:

भजन

हे जगत्राता विश्वविधाता हे सुखशांतिनिकेतन हे ।

प्रेमके सिंधो दीनके बंधो दुःख दरिद्र विनाशन हे ।

film: Pushpanjali singer: Mukesh
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

जाने चले जाते हैं कहाँ,
दुनिया से जानेवाले, जाने चले जाते हैं कहाँ,
कैसे ढूंढे कोई उनको, नहीं कदमों के भी निशां

(जाने है वो - २) कौन नगरिया,
आये जाये खत ना खबरिया,
आये जब जब उनकी यादें,
आये होठों पे फ़रियादें,
जाके फिर ना आने वाले
जाने चले जाते हैं कहाँ ...

(मेरे बिछड़े - २) जीवन साथी,
साथी जैसे दीपक बाती,
मुझसे बिछड़ गये तुम ऐसे,
सावन के जाते ही जैसे,
उड़के बादल काले काले,
जाने चले जाते हैं कहाँ
दुनिया से जानेवाले, जाने चले जाते हैं कहाँ,
कैसे ढूंढे कोई उनको, नहीं कदमों के भी निशां
जाने चले जाते हैं कहाँ ...

film: Himaalaya Ki God Me singer: Mukesh
lyrics: music: Kalyanji, Anandji

चाँद सी महबूबा हो मेरी कब ऐसा मैंने सोचा था
हाँ तुम बिलकुल वैसी हो जैसा मैंने सोचा था

१) ना रस्में हैं ना कसमें हैं
ना शिकवे हैं ना वादे हैं
इक सूरत भोली भाली है
दो नैना सीधे सादे हैं - २
ऐसा ही रूप खयालों में था
जैसा मैंने सोचा था, हाँ ...

२) मेरी खुशियाँ ही ना बाँटे
मेरे ग़म भी सहना चाहे
देखे ना ख्वाब वो महलों के
मेरे दिल में रहना चाहे
इस दुनिया में कौन था ऐसा
जैसा मैंने सोचा था, हाँ ...

film: Ek Jhalak singer: Hemant Kumar, Asha Bhonsle
lyrics: S.H. Bihari music: Hemant Kumar

ये हँसता हुआ कारवां ज़िन्दगी का
ना पूछो चला है किधर
तमन्ना है साथ चलते रहें हम
ना बीते कभी ये सफ़र

ज़मीं से सितारों की दुनिया मे जायें (कहाँ?)
वहाँ भी यही गीत उल्फ़त के गायें (अच्छा?)
मुहब्बत की दुनिया हो ग़म से बेगाना
रहे ना किसी का भी डर (अजी डर किस बात का?)
ये हँसता हुआ ...

बहारों के दिन हो जवां हो नज़ारे (अह हा हा)
हँसीं चाँदनी हो, नदी के किनारे (क्या बात है)
न आये जहां भूलकर बदनसीब
बनायें वहीं अपना घर ...

ये हँसता हुआ ...

film: non-film singer: Mukesh (bhajan) lyrics: music:

भजन

पितु मातु सहायक स्वामि-सखा
तुमही एक नाथ हमारे हो
जिनके कछु और आधार नही
तिनके तुमही रखवारे हो ।

सब भांति सदा सुखदायक हो
दुःख दुर्गुण नाशक हारे हो

film: singer: Rafi lyrics: music: O.P. Nayyar

आँखों में क़यामत के काजल
होंठों पे गज़ब की लाली है
बंदापरवर कहिये किसकी
तक़दीर संवरने वाली है

सज़के . . .
सज़के मैं तुम्हारी बाहों के
जो आग लगा दी पानी में
क़ुरबान तुम्हारी आँखों के
जो भर दें रंग जवानी में
मर जाऊँ तुम्हारे गालों पर
जिन में के गुलों की लाली है
बंदापरवर . . .

ओ हो हो . . .
ये आपकी मस्ती का आलम
ये बहके हुए जज़बात मेरे
कुछ कह न सका मैं दीवाना
कहते हैं मगर हालात मेरे
या आप नशे में डूबे हैं
या मेरी नज़र मतवाली है
बंदापरवर . . .

film: Lekin singer: Lata
lyrics: Gulzaar music: Hridaynath Mangeshkar

सुनियो जी अरज म्हारी ओ बाबुला हमार - २
सावन आयो घर ले जइहो
सावन आयो घर ले जइहो - २
सावन आयो घर ल्ये जइहो बाबुला हमार
सुनियो जी सुनियो

भीजे भीजे अँगना कि याद जो आवे - २
रूखी रूखी अँखियों में रेती उड़ावे - २
(सूनी सूनी - २) सूनी सूनी कोरी अँखियां भेजियो फुहार
सुनियो जी अरज म्हारी हो

स रे ग ग
ध प प ग
स सा नि ध
ग प स नि ध
ग नि ध प
ग प ध प
ग स स नि ध
ग ध प ग स रे ग ध स
सुनियो

बिसरा दियो है काहे बिदेस भिजाय के - २
हमका बुलाय ले बाबुल डोलिया लिवाय के
(भेजो जी भेजो जी - २) भेजो जी चारो कहार
सुनियो जी अरज म्हारी हो
सावन आयो घर ले जइहो बाबुल हमार

film: singer: Rafi lyrics: music:

मैं गाऊँ तुम सो जाओ
सुख सपनों में खो जाओ
माना आज की रात है लम्बी
माना दिन था भारी
पर जग बदला बदलेगी
एक दिन तक़दीर हमारी
उस दिन के ख्वाब सजाओ

१) कल तुम जब आँखें खोलोगे
जब होगा उजियारा
खुशियों का सन्देशा लेकर
आएगा सवेरा प्यारा
मत आस के दीप बुझाओ,
मैं गाऊँ . . .

२) जी करता है जीते जी
मैं यूँ ही गाता जाऊं
गर्दिश में थके हाथों का
माथा सहलाता जाऊं
फिर इक दिन तुम दोहराओ,
सुख सपनों . . .

ज़रा देख लो इस तरफ़ मुस्कुरा के
मुझे लूट लो मेरे नज़दीक आ के
कि मैं मौत से खेलना चाहता हूं, वफ़ा ...

६) गलत सारे दावें गलत सारी कसमें
निभेंगी यहां कैसे उल्फ़त कि रस्में
यहां ज़िन्दगी है रिवाज़ों के बस में
रिवाज़ों को तुम तोड़ना चाहते हो, बड़े ...

७) रिवाज़ों की परवाह ना रस्मों का डर है
तेरी आँख के फ़ैसले पे नज़र है
बला से अगर रास्ता पुर्खतर है
मैं इस हाथ को थामना चाहता हूं, वफ़ा ...

film: Khushboo singer: Lata
lyrics: Gulzar music: R. D. Burman

दो नैनो में आँसू भरे हैं
निंदिया कैसे समाए

१) डूबी डूबी आँखों में
सपनो के साए
रात भर अपने हैं
दिन में पराए
कैसे नैनो मे निंदिया समाए,
दो नैनो में ...

२) झूठे तेरे वादे पे
बरस बिताए
ज़िन्दगी तो काटेंगे
रात कट जाए
कैसे नैनों में निंदिया समाए,
दो नैनो में ...

film: Shagird singer: Lata, Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Laxmikant, Pyarelal

वो हैं ज़रा खफ़ा खफ़ा
तो नैन यूं मिलाए हैं कि हो हो
ना बोल दूं तो क्या करूँ
वो हँस के यूँ बुलाए हैं कि हो हो

१) हँस रही है चाँदनी
मचल के रो ना दूं कहीं
ऐसे कोई रूठता नहीं
ये तेरा खयाल है
करीब आ मेरे हंसीं
मुझको तुझसे कुछ गिला नहीं
बात यूँ बनाए हैं कि ओ हो ...
वो हैं ...

२) ऐसे मत सताइये
ज़रा तरस तो खाइये
दिल की धड़कन मत जगाइये
कुछ नहीं कहूंगा मैं
ना अँखियां झुकाइये
सर को कन्धे से उठाइये
ऐसे नींद आए है कि हम ...
वो हैं ...

film: Shirin Farhaad singer: Lata
lyrics: Tanvir Naqvi music: S. Mohinder

गुज़रा हुआ ज़माना, आता नहीं दुबारा
हाफ़िज़ खुदा तुम्हारा

१) खुशियाँ थीं चार पल की आँसू हैं उम्र भर के
तन्हाइयों में अक्सर रोएंगे याद कर के
दो वक़्त जो कि हमने इक साथ है गुज़ारा
हाफ़िज़ ...

२) मेरी क़सम है मुझको तुम बेवफ़ा न कहना
मजबूर थी मुहब्बत सब कुछ पड़ा है सहना
तूफ़ाँ है ज़िन्दगी का अब आखिरी सहारा
हाफ़िज़ ...

३) मेरे लिये सहर भी आई है रात बन कर
निकला मेरा जनाज़ा मेरी बरात बन कर
अच्छा हुआ जो तुमने देखा न ये नज़ारा
हाफ़िज़ ...

ये दिल दीवाना है, दिल तो दीवाना है
दीवाना दिल है ये दिल दीवाना

कैसा बेदर्दी है, इसकी तो मर्ज़ी है
